<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
<u>पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)</u>

<u>प्रथम पखवाड़े में मैदानी क्षेत्र में फसल के प्रमुख कृषि कार्य</u>

पंतनगर। 30 मई 2022। प्रथम पखवाड़े के मैदानी क्षेत्र में फसल हेतु प्रमुख कृषि कार्य, उर्द एवं मूंग–परिपक्व होने पर फसल की कटाई कर लें। गन्ना–शरदकालीन व बसन्तकालीन नौलख फसल एवं पेडी में आवश्यकतानुसार निराई–गुड़ाई एवं सिचाई करें। पाइरिला, अगोला बेधक एवं तना बेधक कीट से बचाव हेतु संस्तुत कीटनाशी रसायनों का छिड़काव करें। धान–मध्यम शीघ्र एवं शीघ्र पकने वाली प्रजातियों की नर्सरी डालें व उचित सस्य क्रियायें अपनाकर स्वस्थ नर्सरी तैयार करें एवं सीधे बोये जाने वाले धान की बुवाई करें। अरहर–फसल की अगेती किस्मों (पंत अरहर 6, पूसा 992, पंत अरहर 291) की बुवाई द्वितीय सप्ताह तक करें। खरपतवार नियंत्रण हेतु बुवाई के 2–3 दिन के अन्दर पेण्डीमिथेलीन 30 ई.सी. का 3.3 किग्रा./है. की दर से 500–600 ली. पानी में घोल बनाकर छिड़काव करें। मक्का–मक्का की संस्तुत प्रजातियों का प्रयोग करते हुए बुवाई करें। खरपतवार नियंत्रण हेतु एट्राजिन 50 डब्लू.पी. 2.0 किग्रा./है. का बुवाई के 2–3 दिन के अन्दर 500–600 ली. पानी में घोल बनाकर छिड़काव करें।